75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर परीक्षा से वंचित रहेंगे छात्र : कुलपति

- कुलपति ने हरिद्वार और देहरादून के सात कालेजों का किया औचक निरीक्षण
- चालू शिक्षा सत्र में कम उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं के नाम वेबसाइट पर डाले
- यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सभी संबद्ध संस्थानों को जारी किया निर्देश

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) परिसर और संबद्ध राजकीय, सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित इंजीनियरिंग कालेजों में 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं होने पर छात्रों को आगामी आड सेमेस्टर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। यह आदेश विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सभी संबद्ध संस्थानों के प्राचार्य व निदेशक को दिया है। कुलपति ने कहा कि सभी संस्थानों को विवि के यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम (यूएमएस) में प्रतिदिन छात्रों की उपस्थिति अपलोड करनी होगी। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने हरिद्वार व देहरादून के सात कालेजों का औचक निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति कम पाए जाने के बाद यह निर्णय लिया है।

विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल ने सभी संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर निर्देशित किया कि विवि ने चालू शिक्षा सत्र में जिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम थी उनका विवरण विवि की वेबसाइट पर डाल दिया है। कालेज वार छात्रों की उपस्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि विवि से संबद्ध संस्थानों में छात्र-छात्राएं कक्षा में उपस्थित नहीं होते हैं। जिस कारण अध्ययन-अध्यापन के गुणवत्तापरक करने में संस्थान एवं विवि स्तर के प्रयास विफल हो रहे हैं। सभी संस्थान आज से ही अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से संकल्पित उपस्थिति कार्य दिवस में विवि के पोर्टल पर उपलोड करें। जिस छात्र की उपस्थिति मानक से नीचे पाई गई उसको आगामी आड सेमेस्टर में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा। ऐसे छात्रों को परीक्षा प्रवेश पत्र जारी ही नहीं किए जाएंगे। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह नियम सख्ती से लागू किया जाएगा। सभी संस्थानों को नियम का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।